examination from the Thavanur Rural Institute (Kerala) are sti'l unemployed;

(b) if so, the number of such unemployed Sanitary Inspectors; and

(c) the reasons for not absorbing them by the then Government in service when a lot of money has been spent on their training?

The Minister of Health and Family Planning (Dr. Sushila Nayar): (a) to (c). Information is being collected from the State Government and will be laid on the table of the Lok Sabha on receipt.

पाकिस्तान को पानी की सप्लाई

3353. **श्री प० ला० बारूपाल :**
श्री धुलेश्वर मीना :

क्या सिचाई और विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस वर्ष राजस्थान के गंग नहर क्षेत्र से पाकिस्तान को कितने हजार क्यूसेक पानी दिया गया ;

(ख) इसी प्रकार इस वर्ष भाखड़ा नहर क्षेत्र से कितने हजार क्यूसेक पानी दिया गया ;

(ग) क्या यह सच है कि पाकिस्तान को पानी दिये जाने के कारण इस वर्ष गंग नहर में पानी तथा भाखड़ा नहर में पानी कम हो गया था और उसके परिणामस्वरूप इस क्षेत्र में सिचाई न होने के कारण काफी फसल बर्बाद हो गयी थी ; और

(घ) यदि हां, तो पाकिस्तान को पानी की सप्लाई में वृद्धि करने के क्या कारण हैं जब कि देश में पहले ही पानी की कमी है ?

सिंचाई और विद्युत मंत्री (श्री फखरुद्दीन अहमद) : (क) तथा (ख). पाकिस्तान को गंग नहर अथवा भाखड़ा नहर से पानी नहीं दिया जाता है । 1 अप्रैल, 1966 से 20 जून, 1966 तक सतलुज में, फिरोजपुर के नीचे, पानी नहीं छोड़ा गया था ।

(ग) जी, नहीं ।

(घ) प्रश्न नहीं उठता ।

राजस्व विभाग में हिन्दी अधिकारी

3354. **श्री यु० द० सिंह :**
श्री हुकम चन्द कछवाय :
श्री ओंकार लाल बेरवा :
श्री काशी राम गुप्त :

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) राजस्व विभाग में हिन्दी अधिकारी के पद के लिये मूलतः क्या श्रेणी तथा वेतनक्रम स्वीकृत किया गया था ; और

(ख) क्या इस पद का दर्जा ऊंचा किया गया है और वेतनक्रम बढ़ाया गया है ।

वित्त मंत्री (श्री शचीन्द्र चौधरी) : (क) श्रेणी II में 350–25–500–30–590–द० रो० 30–800–द० रो०–30–830–35–900 रुपये के वेतन-मान में ।

(ख) जी, हां । कर्मचारी निरीक्षण एकक ने राजस्व तथा बीमा विभाग के हिन्दी अनुभाग के कार्य-भार का नाप-तोल किया था और उसकी सिफारिश पर हिन्दी अधिकारी के पद को 1–7–66 से 700–40–1100–50/2–1250 रुपये के वेतन-मान में श्रेणी I के पद में उन्नत किया गया था ।

राजपत्रित अधिकारियों और आशुलिपिकों का कार्यभार

3355. **श्री यु० द० सिंह :**
श्री हुकम चन्द कछवाय :